बी. हेरम्भनाथन

अकादेमी पुरस्कार : भरतनाट्यम

तमिलनाडु के थंजावुर में 12 जनवरी 1945 को जन्मे, श्री बी. हेरम्बनाथन एक पारंपरिक संगीतकारों और नर्तकों के परिवार से हैं। आपने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भगवत मेलम और मृदंगम में, अपने पिता व एक प्रतिष्ठित विद्वान टी.जी. बावु पिल्लै से प्राप्त की. बाद में, थंजावुर की परंपरा अनुसार आपको टी. एम. अरूणाचलम पिल्लै तथा के.पी. किट्टप्पा पिल्लै के संरक्षण में भरतनाट्यम में प्रशिक्षित किया गया। आपने भगवत मेलम में बालु बागवथेर और पी. के.सुब्बैयर तथा मृदंगम में एन. राजम अय्यर से भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पेशे से आप एक अध्यापक रहे हैं, और एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं और एक प्रधानाध्यापक के रूप में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

श्री बी. हेरम्बनाथन ने नृत्य के क्षेत्र में एक कलाकार और शिक्षक दोनों ही रूपों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आप 1970 से 1996 तक लगातार मेलाट्टुर भगवत मेलम महोत्सव में भाग लेते रहे हैं, और अपने गुरुओं किट्टप्पा पिल्लै एवं बावु पिल्लै के लिए अनेक अवसरों पर नट्टुवंगम का प्रदर्शन किया है। आपने विदेश यात्रा भी की है– मलेशिया (1987,1997, 2003), सिंगापुर, और अमरीका(2003) में शिक्षण, नृत्य–नाटिकाओं के नृत्य निर्देशन और अरंगेत्रम हेतु. श्री हेरम्बनाथन ने बहुत सी नृत्य नाटिकाओं का निर्देशन अलग–अलग भाषाओं में भी किया है, जिसमें मराठी में शकुंतलम, तेलुगू में रुक्मिणि कल्याणम और हरिश्चंद्र, तथा तमिल में अंदल कल्याणम शामिल हैं, जिन्हें प्रतिष्ठित स्थानों पर प्रस्तुत किया गया था। आपने तमिल विश्वविद्यालय, थंजावुर, दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, और अन्नामलाई विश्वविद्यालय में नृत्य से जुड़े सम्मेलनों और कार्यशालाओं में भाग लिया है।

पारंपरिक नाट्य कला में उनके योगदान के लिए, श्री हेरम्बनाथन को तमिल इसाई संगम द्वारा नाट्य कलाई अरासु और नट्टुव ममानी से सम्मानित किया गया है तथा तमिल एयल इसाई नाटक मनराम द्वारा कलाइममणि की उपाधि प्रदान की गई है।

श्री बी हेरम्भनाथन को भरतनाट्यम में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।